## खबर संक्षेप

### मंगलवार को मनाया हनुमान जन्मोत्सव, तैयारियां शुरू

**मण्डला।** मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जिसके लिए हनुमान मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार मंगलवार के दिन हनुमान जन्मोत्सव होने से हनुमान भक्तों का उत्साह भी कई गुना बढ़ गया है कई जगह शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। आयोजनों की कड़ी में जेल परिसर स्थित हनुमान मंदिर में हर साल की तरह इस बार भी श्रीराम चरित मानस पाठ, पूजन, हवन भण्डारा आदि आयोजन किए जाएंगे। श्री पवन सुत हनुमान मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष किशन लाल शर्मा ने बताया कि मंदिर में अखंड रामायण होगी। आज 22 अप्रैल से अखंड रामायण का आयोजन होगा, वहीं 23 अप्रैल मंगलवार को अखंड रामायण की समाप्ति के बाद ढोल धमाकों, गाजे बाजे के साथ श्री हनुमान जी को चोला चढाया जाएगा। मंदिर में स्थापित अन्य देवताओं का श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ ही माँ नर्मदा एवं सिद्ध शक्ति पीठ माँ शीतला एवं माँ शारदा का को श्रृंगार अर्पित होगा। श्री पवनसुत हनुमान जी की आरती एवं नर्मदा जी की आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके बाद कन्या भोजन व विशाल भण्डारे का आयोजन शुरू होगा। समिति द्वारा सभी श्रृद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### बस और बाईक की भिंडत, युवक की मौत

**मण्डला।** बस और बाइक की सीधी भिड़ंत से बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हादसा मोहगांव थाने से महज 2 किमी दूर बींझीं नाला के पास हुआ है। जानकारी अनुसार मंडला डिंडोरी मार्ग में रविवार की दोपहर लगभग 12.30 बजे बस और बाइक में सीधी टक्कर होने से बाइक सवार के ऊपर बस का पहिया चल गया। हादसे में चेहरे में गंभीर चोट आने से बाइक सवार लाल भारतीया पिता जुगराज भारतीय ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया।

### व्यास नारायण मंदिर में संकल्प लेकर श्रद्धालुओं ने की यात्रा प्रारंभ

# माँ नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा का सामूहिक आयोजन







*** 04 प्रदेशों के नर्मदा भक्त हुये शामिल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

नर्मदा नगरी मंडला में उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा विगत चार वर्ष से की जा रही है। महिष्मति मां नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा आयोजन समिति के तत्वावधान में उत्तर वाहिनी नर्मदा परिक्रमा रविवार को प्रातः मंडला नगर के व्यास नारायण मंदिर में संकल्प लेकर यात्रा प्रारंभ की गई। दो दिवसीय इस नर्मदा परिक्रमा यात्रा में शामिल श्रृद्धालुओं ने किलाघाट से मां नर्मदा को नाव से पार करके दूसरे तट पर पुरवा स्थित मां सरस्वती प्रस्त्रवण तीर्थ दक्षिण तट पहुंचे। जहां कृष्ण मंदिर में पूजन के बाद नर्मदा बंजर संगम स्थल पर बने कच्चे पुल को पार करते हुए महाराजपुर संगम से होते हुए घाघी के लिए नर्मदा परिक्रमा पदयात्रा प्रारंभ की।

जानकारी अनुसार रविवार चैत्र शुक्ल त्रयोदशी में उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा की यात्रा व्यास नारायण मंदिर किलाघाट से सुबह 5.30 बजे श्रद्धालु एकत्रीत हुए, जहां संकल्प पूजन कराया गया। सतखंडा घाट महाआरती से तट परिवर्तन सुबह करीब 6.30 बजे कराया गया। संगमघाट महाराजपुर में 7.30 बजे स्वल्पाहार के बाद यात्रा आगे बढ़ी। कारीकोन तिराहा में स्वागत किया गया। इसके बाद घुंघरू वाले बाबा आश्रम मानादेही में परिक्रमावासी थोड़ा विश्राम किये। इसके बाद खेरमाई मंदिर स्कूल परिसर, सिलपुरा में दोपहर भोजन विश्राम किया गया।

परिक्रमावासियों ने बताया कि उत्तरवाहिनी परिक्रमा का जगह-जगह स्वागत किया गया। भक्तों द्वारा सभी के लिए व्यवस्थाएं की। सिलपुरा से आगे बढ़ते हुए श्री निर्भय आश्रम घाघा, शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल घाघा, पुरुषोत्तम दास आश्रम-घाघी, गर्म पानी कुंड-बबैहा, शास हाई स्कूल-ग्वारी में संध्या आरती, रात्रि भोजन व विश्राम की व्यवस्था की गई है। आज 22 अप्रेल को घाघा-घाघी रात्रि विश्राम वाले यात्रियों का तट परिवर्तन किया जाएगा। इसके बाद कटरा, बिंझिया, उदय चौक आदि स्थानो में श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा। आज सोमवार की शाम को श्री व्यास नारायण मंदिर किलाघाट में यात्रा का समापन किया जाएगा।

### तीन स्थान पर ही उत्तरवाहिनी है नर्मदा

आयोजन समिति ने यात्रा के संदर्भ में बताया कि मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से खंबात की खाड़ी तक मां नर्मदा का प्रवाह कभी उत्तर और कभी दक्षिण दिशा की ओर है। अमरकंटक से खंबात की खाड़ी तक के पूरे नर्मदा क्षेत्र में तीन स्थान ऐसे हैं। जहां मां नर्मदा उत्तरवाहिनी हुई हैं। इनमें से एक गुजरात में तिलकवाड़ा, दूसरा मंडला और तीसरा ओंकारेश्वर के पास का स्थान है। गुजरात के तिलकवाड़ा में उत्तरवाहिनी परिक्रमा वर्षो से की जा रही है।

### सम्पूर्ण नर्मदा परिक्रमा के बराबर पुण्यदायक

उन्होंने बताया कि मंडला में मां नर्मदा के दक्षिण तट में संगम घाट से घाघी तक या उत्तर तट के अनुसार किले घाट से बबैहा तक करीब 21 किमी तक का प्रवाह उत्तर दिशा की ओर है, और चैत्र मास में की गई। उत्तरवाहिनी नर्मदा की परिक्रमा को शास्त्रों में सम्पूर्ण नर्मदा की परिक्रमा के बराबर पुण्यदायक बताया गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा विगत वर्ष से उत्तरवाहिनी परिक्रमा का आयोजन किया जा रहा है। इस बार आयोजित परिक्रमा में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात राजस्थान, दिल्ली सहित प्रदेश भर से करीब 500 लोग शामिल हुए हैं।

### सोमवार शाम को होगा समापन

बताया गया कि रविवार प्रातः प्रारंभ हुई यात्रा शाम को घाघा-घाघी पहुंची, जहां रात्रि विश्राम कर अगली सुबह सोमवार को नर्मदा पार कर बबैहा गरम पानी कुण्ड पहुंचेगी। जहां से ग्वारी, फूलसागर, तिंदनी, गाजीपुर, कटरा, गौंझी, देवदरा होते हुये व्यास नारायण मंदिर पहुंचकर शाम को यात्रा का समापन होगा। जहां यात्रा के समापन पर प्रसादी का वितरण किया जाएगा।







## निर्धारित शुल्क का बोर्ड नहीं होने से परेशानी, जिला अस्पताल की पार्किंग में वाहनों के रेट तय

*** ठेकेदार कर रहा मनमानी वसूली।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

इन दिनों जिला अस्पताल में वाहन पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। पार्किंग ठेकेदार के द्वारा रोजाना मरीज के परिजनों को परेशान किया जा रहा है। जब इस संबंध में अस्पताल के जिम्मेदार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अगर ऐसी कोई वसूली की जानकारी आती है तो पार्किंग ठेकेदार के ऊपर कार्रवाई की जाएगी।

मवई से आए संदीप मरकाम ने बताया कि मेरे छोटे भाई अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया, जिससे घायल अवस्था में ऑटो से जिला अस्पताल लाया गया इसके बाद दो दिनों तक जिला अस्पताल में ही इलाज जारी था। ऑटो को खड़े देख पार्किंग ठेकेदार ने उससे मनमाने पार्किंग राशि वसूली ली। संदीप मरकाम ने बताया कि किसी भी राशि का विवरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हो या जिला अस्पताल सभी जगह लगाया जाता है लेकिन जिला अस्पताल में ऐसा कोई बोर्ड नहीं लगाया गया।



जिला चिकित्सालय के साइकिल स्टैंड पर मनमर्जी की वसूली हो रही है। यहां पर हर वाहन से अलग अलग दर की राशि लेने का ठेका है, लेकिन ठेकेदार के कर्मचारी मनमर्जी से रुपए की वसूली कर रहे है। इतना ही नहीं स्टैंड पर भी ये लिखा हुआ नहीं रहता है कि किस वाहन के कितने रुपए लगेंगे। यहां तक की कोई स्टैंड पर वाहन नहीं रखना चाहे तो अवरोध लगाकर रास्ता ही रोक देते है।

अस्पताल आने वालों के अनुसार ठेकेदार के कर्मचारी टू व्हीलर चालकों से 20 रुपए और चार पहियां चालकों से 40 रुपए तक वसूल रहे थे। यह तीन माह से चल रहा है। इसके पूर्व 10 रुपए के मान से राशि ली जाती थी। साइकिल स्टैंड पर वाहन पार्किंग को लेकर कोई भी दर का चार्ट नहीं लगाया है। प्रतिदिन औसतन 250 पर्ची साइकिल स्टैंड के कर्मचारियों द्वारा काटी जा रही है। जिसकी दर 20 रुपए है। अनुमान के अनुसार 20 रुपए के मान से एक माह का 1.50 लाख रुपए और तीन माह का 4.50 लाख रुपए साइकिल स्टैंड ठेकेदार के कर्मचारी मरीजों व उनके परिजन से वसूल रहे हैं।

**पर्यावरण** | 22 अप्रैल को पूरी दुनिया भर में मनाया जाता विश्व पृथ्वी दिवस।

# एक वृक्ष लगाकर पृथ्वी का करे श्रृंगार


*** नदियों के संरक्षण पर हों गंभीर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

22 अप्रैल को पूरी दुनिया भर में विश्व पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को एक साथ लाने के लिए प्रोत्साहित करना है। हमारे बदलते हुए पर्यावरण की गंभीर चिताओं को लेकर आज के दौर में हमारी सरकारें, वैज्ञानिक, पर्यावरण विद्, सामाजिक कार्यकर्ताएं और युवा नागरिक पृथ्वी दिवस पर हुए नुकसान को दूर करने के लिए कुछ स्थाई तरीकों को अपनाने का संकल्प लेते हैं।

लगातार बढ़ते हुए तापमान से प्रकृति के संसाधनों में कमी के साथ ग्लोबल वार्मिंग एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। इसके साथ ही वनों के काटे जाने से जानवरों, पक्षियों और कीड़ों की प्रजातियां लुप्त होने की कगार में है, जो पर्यावरण के लिए काफी गंभीर खतरा बना हुआ है। इसके साथ ही हमारे देश की अनेक नदियां, झरने और नेचुरल तालाब सूखने की कगार पर है। इन सभी समस्याओं को देखते हुए 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस दिन पृथ्वी दिवस जलवायु परिवर्तन और उसके खिलाफ कदम उठाने के बारे में जागरूक करने के लिए विद्यालय व महाविद्यालय के युवाओं, छात्रों को पृथ्वी दिवस की रक्षा के लिए संकल्प लेने के साथ विविध कार्यक्रम के माध्यम से पृथ्वी के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी जाती है।

इस वर्ष का पृथ्वी दिवस की थीम गृह बनाम प्लास्टिक है। पृथ्वी में बढ़ता हुए पॉलिथीन की समस्या एवं निदान की जिम्मेदारी सरकार के साथ आम जनता की भी है। सबसे पहले पृथ्वी दिवस 1969 को यूनेस्को के माध्यम से जान मेंककोनेल द्वारा प्रस्ताव रखा गया था और सबसे पहले अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने 1970 को एक पर्यावरण शिक्षा के रूप में स्थापना की थी। उनका मानना था कि हम एक दिन पृथ्वी का सम्मान करें और शांति बनाए रखने के लिए पृथ्वी दिवस का आयोजन करें। आज दुनिया की 190 देश में पृथ्वी दिवस का आयोजन बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिवस में समाज के




सभी वर्गों को पृथ्वी के सम्मान देने के लिए उन्हें सामने लाकर अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाई जाती है।

आरके क्षत्री पर्यावरण सदस्य ने आम नागरिकों, वरिष्ठ प्रशासनिक, अधिकारियों और विद्यालय के समस्त प्राचार्य एवं शिक्षकों व विद्यार्थियों सभी सामाजिक व धार्मिक संगठन से अपील की है कि हम सभी मिलकर इस धरती मां को छोटे-छोटे कार्यों से अपना ऋण अदा करें, जिस तरह एक मां के गर्भ से बच्चा पैदा होता है तो हर व्यक्ति उसे मां की चिंता और उसकी देखभाल करता है। इस तरह इस धरती मां में लाखों करोड़ जीव जंतु मानव सभ्यता का जन्म भी होता है तो हमें इसकी देखभाल करनी होगी। पृथ्वी में हरियाली लाने के लिए एक वृक्ष हर व्यक्ति को लगाना होगा। हमारी नदियां को बचाने के लिए हमें आगे आना होगा। धरती के हर कोने की रक्षा करनी होगी। हमारे भौतिक विलासिता के कारण बन रहे फोर लाइन और सिक्स लाइन विकास की अवधारणा को लेकर सड़कों के किनारे लगे पेड़ों को भी कहीं अन्य स्थलों पर संभव हो सके तो स्थानांतरित कर आधुनिक तरीके से करना होगा। धरती को पॉलिथीन जैसे प्रदूषण मुक्त करना होगा। जहरीले पदार्थ से पृथ्वी को बचना होगा, तभी हम इस पृथ्वी को बचा सकते हैं।

वर्तमान दृश्य और तापमान को देखते हुए महसूस होता है कि आने वाले समय में इसी तरह तापमान बढ़ता गया तो एक विकराल समस्या सभी जीव जंतुओं वनस्पतियों के लिए होगी जो एक विनाशकारी होगा। इन सभी विपत्तियों का सामना करने के लिए हमें अपनी सरकारों के साथ आम जनता को भी इस समस्या के समाधान के लिए आगे आना होगा, तब ही हम आने वाले समय में अपनी हरी भरी पृथ्वी को बचाकर अगली पीढ़ी को हम सौंप सकते हैं। आईए हम सभी संकल्प लें 22 अप्रैल वसुंधरा दिवस के लिए अपना सब कुछ समर्पित करें।

## दो व्यक्ति को टाइगर के अंगों की तस्करी करते पुलिस ने किया गिरफ्तार



*** कब्जे से नाखून एवं मोटरसाइकिल भी जप्त।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/अंजनिया

बम्हनी थाना के चौकी अंजनिया पुलिस को मुखबिर से एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जहाँ ग्राम माधोपुर नेशनल हाइवे-30 में हर्राभाट रामनगर की ओर से 02 व्यक्ति काले रंग की मो.सा. क्र. एम.पी. 51 एम.एच.7258 में नैनपुर सिवनी की ओर से जंगली जानवर टाइगर के नाखूनों को लेकर जा रहें हैं को लेकर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी इस दौरान अंजनिया चौकी पुलिस टीम के द्वारा इस घटना वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना से अवगत कराते हुए मुखबीर के बताये हुलिये के आधार पर नेशनल हाइवे-30 माधोपुर पर नाकेबंदी की गयी। तथा नाकाबंदी के दौरान एक काले रंग की मोटर साईकल क्रमांक एम.पी. 51 एम.एच. 7258 नेशनल हाईवे-30 पर आते दिखी। जिसको हमराह स्टाफ की घेराबंदी मदद से 02 लोगों को पकड़ा और उन दोनों का नाम पता पूछने पर एक व्यक्ति ने आपना नाम अरविंद साहू पिता श्रीचंद साहू उम्र 42 वर्ष ग्राम जेवनारा थाना नैनपुर तथा एक व्यक्ति ने अपना नाम दौलत पिता लम्बू लौहार उम्र 53 वर्ष सा.घुघरी थाना बीजाडांडी का होना बताया। उक्त दोनों से तलाशी के दौरान पेंट के जेब में एक सफेद रंग की पॉलीथिन पाई गईं जिनसे टाइगर के दो नाखून हाथ लगे।

पुलिस के द्वारा दोनों आरोपियों के कब्जे से नाखुन व मो.सा. क्र.एम.पी.51 एम.एच.7258 जप्त कर गिरफ्तार किया गया। उक्त आरोपियों का कृत्य धारा 9,39,48-ए, 49-बी, 51,52 वन्य प्राणी संरक्षण अधि. 1972 घटित करना पाया जाने से आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है उक्त आरोपियों से नाखूनों को कहाँ से लाने और कहाँ ले जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने व अन्य खुलासा हेतु पुलिस टीम द्वारा आरोपियों का दो दिवस के पुलिस रिमांड हेतु माननीय न्यायालय से समक्ष पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही अनुविभागिय अधिकारी पुलिस नैनपुर के निर्देश व निरीक्षक वर्षा पटेल थाना बम्हनी बंजर के नेतृत्व में चौकी प्रभारी अंजनिया उप. निरी. लाखन सिंह राजपूत, चौकी प्रभारी हिरदेनगर उनि सुरजीत सिंह परमार, सउनि. शिवशंकर राजपूत, सउनि. सराठे, महंत सिंह धुर्वे, अशोक चौधरी, प्र.आर. उत्तम पटैल, पुसुलाल पंचेश्वर, भूपेन्द्र धुर्वे, आर. उत्तम गोठरिया, सुनील सिंह, कीर्ति, अनिल, आर. विनोद टेकाम, आर. विलेन्द की विशेष भूमिका रहीं।

### इनका कहना है:-

मुखबिर की सूचना पर टाइगर के अवशेषों में दो आरोपियों के कब्जे से नाखून वा मोटरसाइकिल जप्त की गई, विवेचना जारी है दो दिवस के पुलिस रिमांड हेतु आरोपियों को माननीय न्यायालय में समक्ष पेश किया गया है।

**लखन सिंह राजपूत,**
**चौकी प्रभारी अंजनिया**



खबर संक्षेप

## निर्माणाधीन सिवेज सिस्टम का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने निर्माणाधीन सिवेज सिस्टम का निरीक्षण किया। बेहतर सिवेज प्रबंधन के लिए जिले में सिवेज सिस्टम प्लांट का निर्माण कार्य प्रक्रियाधीन है। जिसके द्वारा नगर का अवशिष्ट जल का प्रबंधन किया जाएगा। सिवेज सिस्टम के कार्यों की प्रगति लाने के निर्देश दिए है। इस संबंध में नगर परिषद के अधिकारियों को नालों की साफ सफाई कराने और अन्य आवश्यक निर्देश दिए हैं।

## सीईओ जिला पंचायत ने ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर पेयजल आपूर्ति की स्थिति का लिया जायजा

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह ने आज जनपद पंचायत अमरपुर में पेयजल व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अमरपुर विकासखंड की परसेल पंचायत के तहत पुष्कर धरोक्षर चेकडेम खरमेर नदी, मछरार नाला सक्का रोड, ढोलबीजा नाला बंधान पंणायत नादा, अमोरी नाला भैंसवाही मे चेकडेम व बोरी बंधान,अमृत सरोवर अलोनी उमरहा नाला ग्राम पंचायत अलोनी और भाखा अमरपुर का निरीक्षण करते हुए, पेयजल आपूर्ति और पेयजल संरक्षण का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आरईएस के ईई आर एस धुर्वे भी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने शासकीय चंद्रविजय कॉलेज डिंडोरी का निरीक्षण कर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## कलेक्टर ने किया घुसियामाल सिंगारपुर के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए डिंडोरी विकासखंड के घुसीयामाल सिंगारपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य प्रगतिशील है। कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने उक्त प्लांट का निरिक्षण करते हुए, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेते हुए प्लांट का जायजा लिया। प्लांट के लिए नर्मदा नदी से पानी लिया जा रहा है। जिससे जल आपूर्ति को पूरा किया जाना है। प्लांट के माध्यम से जल प्रदान करने की तैयारीयों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रचलित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की टेस्टिंग की जानकारी ली और शेष निर्माणधीन कार्यों को पूरा करने के लिए जिम्मेवार अधिकारीयों को निर्देशित किया।

## बरगांव के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थल का कलेक्टर ने किया मुआवना

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** बरगांव में जल आपूर्ति करने के लिए वाटरट्रीटमेंट प्लांट का कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर विकास मिश्रा ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के लिए चिन्हित स्थल का निरिक्षण करते हुए प्रगतिशील कार्यों की समीक्षा की। जल प्रदान करने के लिए बनाये जा रहे वाटर टैंक की जानकारी लेते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बरगांव में पेयजल आपूर्ति के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा उक्त वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जा रहा है।

## आवासीय बालिका छात्रवास प्राचीन डिंडोरी में शिविर का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार आयुष विभाग द्वारा आज नेता जी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय बालिका छात्रवास प्राचीन डिंडोरी में शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में डॉ. समीक्षा सिंह और डॉ. अनुपमा परस्ते ने बच्चियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की। शिविर में माहवारी प्रबंधन, अच्छे खानपान और भोजन व्यवस्था पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद सभी को पेंसिल किट भी दिया गया है।

# महावीर जयंती पर निकली शोभायात्राः जैन मंदिर में पूजा अर्चना का हुआ कार्यक्रम, लोगों ने जगह-जगह किया स्वागत

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** महावीर जयंती के मौके पर रविवार को जैन समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का कई जगह स्वागत हुआ। शहर के जैन मंदिर से सुबह 9 बजे शुरू हुई शोभायात्रा काँच मंदिर, अस्पताल रोड, उत्कृष्ट विद्यालय से गुजरी। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यात्रा में पड़ने वाले सभी जैन समाज के घरों के सामने भगवान की आरती की गई । ढोल तासे की धुन में जैन समाज के दर्जनों महिला, पुरुष, बच्चो में शोभा यात्रा में हिस्सा लिया। हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को जैन धर्म के चैबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म उत्सव जैन अनुयायी बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। इस बार महावीर जयंती 21 अप्रैल को मनाई गई। भगवान महावीर को वर्धमान, वीर, अतिवीर और सन्मति भी कहा जाता है। इन्होंने पूरे समाज को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया। जैन धर्म का समुदाय इस दिन जैन मंदिरों में जाकर पूजा-पाठ करते हैं वहीं इस दिन भव्य जुलूस भी निकाला जाता है।





### -कौन थे भगवान महावीर

भगवान महावीर जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर थे। उनका जन्म ईसा पूर्व 599 वर्ष माना जाता है। उनके पिता राजा सिद्धार्थ और माता रानी त्रिशला थीं और बचपन में उनका नाम वर्द्धमान था।

### -कौन कहलाए तीर्थंकर

जैन धर्म में तीर्थंकर का अभिप्राय उन 24 दिव्य महापुरुषों से है जिन्होंने अपनी तपस्या से आत्मज्ञान को प्राप्त किया और अपनी इंद्रियों और भावनाओं पर पूरी तरह से विजय प्राप्त की।

### -इसलिए नहीं करते वस्त्र धारण

अपनी तपस्या के दौरान भगवान महावीर ने दिगंबर रहना स्वीकार कर लिया, दिगंबर मुनि आकाश को ही अपना वस्त्र मानते हैं इसलिए वस्त्र धारण नहीं करते हैं। जैन मान्यता है कि वस्त्र विकारों को ढकने के लिए होते हैं और जो विकारों से परे हैं, ऐसे मुनि को वस्त्रों की क्या जरूरत है।

### -ऐसे मिला केवल ज्ञान

भगवान महावीर के प्रारम्भिक तीस वर्ष राजसी वैभव एवं विलास के दलदल में कमल के समान रहे। उसके बाद बारह वर्ष घनघोर जंगल में मंगल साधना और आत्म जागृति की आराधना में वे इतने लीन हो गए कि उनके शरीर के कपड़े गिरकर अलग होते गए। भगवान महावीर की बारह वर्ष की मौन तपस्या के बाद उन्हें श्केवलज्ञान श प्राप्त हुआ । केवलज्ञान प्राप्त होने के बाद तीस वर्ष तक महावीर ने जनकल्याण हेतु चार तीर्थों साधु-साध्वी, श्रावक-श्राविका की रचना की।

### -महावीर के सिद्धांत

भगवान महावीर का आत्म धर्म जगत की प्रत्येक आत्मा के लिए समान था। उनका कहना था कि हम दूसरों के प्रति भी वही व्यवहार व विचार रखें जो हमें स्वयं को पसंद हों। यही उनका श जीयो और जीने दो श का सिद्धांत है। उन्होंने न केवल इस जगत को मुक्ति का सन्देश दिया, अपितु मुक्ति की सरल और सच्ची राह भी बताई। आत्मिक और शाश्वत सुख की प्राप्ति हेतु सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अचैर्य और ब्रह्मचर्य जैसे पांच मूलभूत सिद्धांत भी बताए। इन्हीं सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारकर महावीर श जिन श कहलाए। जिन से ही श्जैनश बना है अर्थात जो काम, तृष्णा, इन्द्रिय व भेद जयी है वही जैन है।

### -उनकी दृष्टि में हिंसा

भगवान महावीर ने अपनी इन्द्रियों को जीत लिया और जितेंद्र कहलाए। उन्होंने शरीर को कष्ट देने को ही हिंसा नहीं माना बल्कि मन, वचन व कर्म से भी किसी को आहत करना उनकी दृष्टि से हिंसा ही है।

### -सबको क्षमा करना

क्षमा के बारे में भगवान महावीर कहते हैं- श्मैं सब जीवों से क्षमा चाहता हूं। जगत के सभी जीवों के प्रति मेरा मैत्री भाव है। मेरा किसी से वैर नहीं है। मैं सच्चे हृदय से धर्म में स्थिर हुआ हूं। सब जीवों से मैं सारे अपराधों की क्षमा मांगता हूं। सब जीवों ने मेरे प्रति जो अपराध किए हैं, उन्हें मैं क्षमा करता हूं।

शोभायात्रा के दौरान एडवोकेट सम्यक जैन, प्रभात जैन, रितेश जैन (पार्षद), संजय जैन, संजीव जैन, सतेंद्र जैन, सुगम चंद जैन, सुशील जैन, सपना जैन, रेखा जैन, साधना जैन सहित सकल जैन समाज उपस्थित रही।

# पृथ्वी सेना द्वारा 3 वर्षों से किया जा रहा वृक्षारोपण का कार्य



### -दो लोगों से हुई थी शुरुवात आज पृथ्वी सेना के सदस्यों की संख्या 200 के पार

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** डिंडोरी जिले के विकासखंड अमरपुर में ग्राम चांदपुर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर पृथ्वी सेना विगत 3 वर्षों से लगातार हर रविवार वृक्षारोपण कर उनके देखरेख का कार्य कर रही है । पृथ्वी सेना दो लोगो जितेश शुक्ला और नयन शुक्ला के द्वारा शुरू की गई। 3 वर्षों में पृथ्वी सेना के द्वारा हजारों की संख्या में पौधे रोपे गए हैं और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाई जा रही है। पृथ्वी सेना द्वारा विशेष रूप से पीपल और बरगद के पौधे लगाए जाते हैं क्योंकि ये पौधे लोगो की आस्था से जुड़े होते हैं जिसके कारण इनकी सुरक्षा में मदद के साथ साथ इनके आस पास साफ सफाई भी सुनिश्चित हो जाती है।। जल संरक्षण एवम वनों की रक्षा के लिए चेतना जगाने में पृथ्वी सेना को चारों तरफ से जबरदस्त समर्थन और सहयोग मिला है । पृथ्वी सेना में अब सदस्यों की संख्या 300 हो गई है। वृक्षों और जंगलों की कमी का परिणाम अब हर जिले और हर गांव में जल संकट और बढ़ते तापमान के रूप में दिखने लगा है । हर रविवार की तरह इस रविवार भी पृथ्वी सेना द्वारा बरगद ,पीपल और पवित्र समी के पौधे का रोपण किया गया। इस अवसर पर पृथ्वी सेना अध्यक्ष जितेश शुक्ला ,अर्पित तिवारी,अजेंद्र सैयाम ,,पियूष शुक्ला,टाकेश्वर हरदहा,आकाश,नयन राहुल,बेटू,सदन ,अंकित मदन,रामगोपाल ,चैनसिंह ,अंतराम आदि उपस्थित रहे। पृथ्वी सेना द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई की अधिक अधिक वृक्ष रोपण कर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लेवे।











## मैया अभियान के तहत मां नर्मदा नदी और तटों की गई साफ-सफाई

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** प्रति रविवार को प्रातः ष्मैयाष अभियान के तहत मां नर्मदा नदी और तटों की साफ-सफाई की जाती है। इसी क्रम आज भी प्रातः मैया अभियान में शामिल हो सभी लोगों ने उत्साह दिखाया, सभी ने मां नर्मदा नदी और तटों की गई। साफ-सफाई कर जिले के नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया है। उक्त स्वच्छता अभियान में कलेक्टर सहित आमजन और अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल हुए। कलेक्टर विकास मिश्रा ने सभी नागरिकों से अपील की है कि हम अपने गांव और शहर को स्वच्छ रखने के लिए आगे आएं, गंदगी न फैलाएं, कूड़ा कचरा को कूड़ेदान और कचरा गाड़ी में ही डालें। अपने घरों के आसपास भी साफ सफाई बरकरार रखें, जिससे स्वच्छता के प्रति जन-जन में जागरूकता लाई जा सके।



# उत्साह पूर्वक मनाया भगवान महावीर जी का जन्मकल्याणक



**सतना।** जैन समुदाय के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2550 जन्मकल्याणक श्री श्वेताम्बर जैन संघ ट्रस्ट द्वारा बहुत ही उत्साह से मनाया। परम पूज्य गच्छाधिपति आचार्य श्री विजय अभय देव सुरीश्वर महाराजा एवं परम पूज्य आचार्य मोक्षरत्न सुरीश्वर जी महाराजा आदि साधु-साध्वी भगवंत की पावन निश्रा में आयोजित कार्यक्रम में प्रातः जिनालय जी पूजा अर्चना,श्रावक के घरों में आचार्य श्री के पगला(चरण कदम)। तत्पश्चात प्रभु को चांदी के रथ में विराजमान करके नगर के प्रमुख मार्ग में रथयात्रा निकाली गई। इस रथयात्रा में आचार्य श्री भी सम्मिलित हुए,पुरुष वर्ग एक विशेष रंग और श्वेत रंग के कुर्ता में तो मातृशक्ति रेड और ग्रीन रंग की चुनरी पानेतर साड़ी में शामिल हुईं। जगह जगह आचार्य श्री का पुष्प वर्षा द्वारा स्वागत किया गया नवयुवक रास गरबा करते हुए आचार्य श्री के आगे आगे चल रहे थे।

# लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा



**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर,रीजन चेयरपर्सन एवं जोन चेयरपर्सन की संयुक्त आधिकारिक यात्रा 21अप्रैल को प्रातः 11:30 बजे रेलवे स्टेशन के पास स्थित होटल महामाया के सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233 सी (मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़) के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन शैलेश अग्रवाल(रायगढ़) रहे।उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक लायन पवन मलिक ने बताया कि सत्र 2024-25 के लायंस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (निर्वाचित) लायन सुधीर जैन की विशेष उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रीजन चेयरपर्सन लायन आलोक त्रिपाठी एवं जोन चेयरपर्सन लायन हरिनारायण चौरसिया व अध्यक्षता होस्ट क्लब के अध्यक्ष लायन जसविंदर सिंह भाटिया ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने लायंस के जनक लायन मेलविन जोन्स के छायाचित्र में माल्यार्पण किया,ततपश्चात लायन मंची मलिक ने ध्वज वंदना का वाचन किया। स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक लायन पवन मलिक ने दिया।

**लायंस क्लब के सेवा कार्य सराहनीयः शैलेश**

### प्रस्तुत किया सचिव प्रतिवेदन

सेवा गतिविधियों की विस्तृत जानकारी हेतु सचिव प्रतिवेदन लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स के सचिव लायन शैलेंद्र त्रिपाठी,लायंस क्लब सतना गैलेक्सी की अध्यक्ष लायन आभा चौरसिया,लायंस क्लब सतना सेवा की अध्यक्ष लायन मंची मलिक,लायंस क्लब अमरपाटन की अध्यक्ष लायन राजकुमारी पाण्डेय,लायंस क्लब सेमरिया के सचिव लायन कुमार मनीष ने प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष रिपोर्ट लायन राजेंद्र श्रीवास्तव ने प्रेषित की।

### स्थाई सेवा गतिविधियों की समीक्षा

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शैलेश अग्रवाल ने सभी क्लब द्वारा किए जा रहे स्थाई सेवा गतिविधियों की समीक्षा की। डीप फ्रीजर सेवा,ऑक्सीजन कंसंट्रेटर सेवा,लायंस लंगर सेवा,7 जगह स्थापित शहीद स्मारक,जेल झूला घर,सहित शासकीय विद्यालय महादेवा में वृहद वृक्षारोपण की प्रशंसा की एवं पौधरोपण किया।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय फेसिलिटेशन सेंटर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के तहत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र- 17 होशंगाबाद के अंतर्गत आने वाली जिले की तीन विधानसभा 119- नरसिंहपुर, 120- तेंदूखेड़ा एवं 121- गाडरवारा अंतर्गत निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न अधिकारी- कर्मचारियों के मतदान के लिए 22, 23 व 24 अप्रैल 2024 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय नरसिंहपुर में जिला स्तरीय फेसेलिटेशन सेंटर बनाया गया है। इसके अलावा 25 अप्रैल 2024 को सामग्री वितरण स्थल मण्डी प्रांगण नरसिंहपुर में प्रातः 9 बजे से मतदान दल रवानगी तक स्थापित किया जायेगा। नोडल अधिकारी डाकमत पत्र नरसिंहपुर ने राजनैतिक दलों से 22, 23 व 24 अप्रैल को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक एवं 25 अप्रैल को कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर में सामग्री वितरण में प्रातः 9 बजे से मतदान दल रवानगी तक उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

### वृद्धा ने किया जहरीली वस्तु का सेवन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गत दिवस महिला द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया । पुलिस ने बताया कि तारा बाई पति जयपाल चौधरी उम्र 70 निवासी डेडवारा सिमरिया थाना कोतवाली द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर कर दिया गया ।

### युवक ने खाया जहर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गत दिवस युवक द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया । पुलिस ने बताया कि तारा पप्पू पिता भोले ठाकुर उम्र 36 वर्ष निवासी पापरा थाना चीचली द्वारा अपने घर पर अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है ।

### नर्मदा में डूबने से एक महिला की मौत



**हरिभूमि न्यूज - करेली ।** गत दिवस भगवान ब्रह्मा की तपोभूमि बरमान में नर्मदा नदी सूरजकुंड में डूबने से महिला की हुई मौत हो गई । बरमान सूरजकुंड मे सागर से नर्मदा स्नान करने आये एक ही परिवार के 6 सदस्य मे से 5 लोगो को डूबने से बचा लिया गया वही महिला की मौत हो गई । डूबने के बाद महिला को गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला गया एवं उपचार हेतु लाया गया जहां पर मृत घोषित कर दिया गया ।

### नुक्कड़ नाटक से दिया मतदाताओं को मतदान करने का संदेश

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले एवं सीईओ जिला पंचायत व नोडल अधिकारी स्वीप दलीप कुमार के मार्गदर्शन में नरसिंहपुर, तेंदूखेड़ा व गाडरवारा विधानसभाओं में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्राम मड़ेसुर, झामर व राजमार्ग में नुक्कड़ नाटक के कलाकारों द्वारा मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिसमें दीपक श्रीवास्तव, नीरज जैन, आजाद मेहरा, नितिन लखेरा, नीतेश जैन, विपनेश जाटव आदि कलाकारों ने गांव- गांव जाकर ग्रामीणवासियों को मतदान करने की शपथ दिलाई।

### गृह ग्राम में किया गया अंतिम संस्कार

# बरघटिया चेक पोस्ट पर आरक्षक को ट्रक ने कुचला, इलाज के दौरान मौत





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** बीती रात एसएसटी चैक पोस्ट पर चुनाव ड्यूटी कर रहे आरक्षक को ट्रक ने टक्कर मार दी जिसे उपचार हेतु जबलपुर भी ले जाया गया जहां पर उपचार के दौरान आरक्षक ने दम तोड़ दिया। अंतिम संसकार गृह ग्राम सुंदरादेही मे किया गया । प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अंतिम संस्कार मे शामिल होकर परिजनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया गया । बताया गया कि 2017 से नरसिंहपुर जिले मे अपनी सेवायें दे रहे थे । बीती रात थाना क्षेत्र सुआतला के बरघटिया चेक पोस्ट पर ड्यूटी के दौरान नरसिंहपुर पुलिस के एक आरक्षक को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरक्षक क्रमांक 403 चंद्रभान सिंह ठाकुर लोधी वर्तमान पदस्थापन थाना सुआतला जिला नरसिंहपुर में पदस्थ थे, जो कि लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये वर्तमान में डोंगरगांव बरघटिया चेक पोस्ट पर तैनात थे। 20 अप्रैल की रात्रि 11.45 बजे, ट्रक द्वारा टक्कर मारकर घायल कर दिया गया था। घटना में घायल होने पर चंद्रभान सिंह ठाकुर लोधी को इलाज के लिए तत्काल जबलपुर भेजा गया। आरक्षक के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक अमित कुमार एवं अति. पुलिस अधीक्षक, नागेन्द्र पटेरिया तत्काल अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ घटना स्थल पर पहुचे एवं घटना के संबंध में जानकारी ली। चिकित्सकों द्वारा आरक्षक की जान बचाने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन उसने दम तोड़ दिया। जबलपुर निवासी मृतक चंद्रभान सिंह ठाकुर लोधी का शव उनके गृह ग्राम सुन्दरादेही लाया गया। जहां दिवंगत आरक्षक का अंतिम संस्कार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया। जिसमें जिले के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुये एवं उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किये, साथ ही उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हे हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया।

### बीते दो वर्ष से सुआतला में थे पदस्थ्य

स्व. श्री चंद्रभान सिंह ठाकुर (लोधी) आरक्षक पद 2017 में जिला नरसिंहपुर में स्थानांतरण पर आमद दिये थे आमद उपरान्त इन्होने पुलिस लाईन में रहते हुये अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया गया एवं 2021 को थाना सुआतला में पदस्थ हुये थे एवं वर्तमान में डोंगरगांव बरघटिया चैक पोस्ट पर डियूटीरत थे। श्रद्धा सुमन अर्पित किये, साथ ही उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हे हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया। डोंगरगांव बरघटिया चैक पोस्ट पर डियूटीरत थे। उसी दौरान ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 8600 के द्वारा टक्कर मारकर घायल कर दिया गया था। घटना में घायल होने पर चंद्रभान सिंह ठाकुर (लोधी) को इलाज हेतु तत्काल जबलपुर भेजा गया एवं सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक, अमित कुमार एवं अति. पुलिस अधीक्षक, नागेन्द्र पटेरिया तत्काल अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ घटना स्थल पर पहुचे एवं घटना के संबंध में जानकारी ली गयी एवं घायल आरक्षक के इलाज में हरसंभव प्रयास हेतु निर्देश दिये गये थे।

# हर्षोल्लास के साथ मनायी गई महावीर जयंती



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सनातन परम्परा के प्रकाशित सूर्य व जियो ओर जीने दो का महान संदेश देने वाले तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती नगर में हर्षोल्लाास व भक्ति-भाव और श्रद्धा के साथ मनायी गयी। नगर के स्टेशन,कंदेली व नरसिंहपुर बस्ती दिगम्बर एवं श्वेतांबर जैन मंदिरों में प्रातःसे पूजन, अभिषेक, शंतिधारा, आरती ओर पाठ किये गये वहीं कंदेली स्थित दिगम्बर एवं श्वेतांबर जैन मंदिर से नगर का भ्रमण करती हुयी श्री जी की शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा का स्वागत व श्रीजी की आरती सभी वर्गो के लोगों कर पुण्य लाभ अर्जित किया। शोभायात्रा में अनुशासन और श्रद्धा के साथ भक्ति के उत्साव का भाव रेखांकित किया गया। इस पर शोभायात्रा में शामिल लोगों ने एक स्वर में भगवान महावीर के संदेशों का उदघोष कर वातावरण में धर्म मय ध्वजा फहरा दी। सारे संसार का मंगल हो,यही कामना करते हैं,जो प्रेम प्रीत की शिक्षा दे,वही धर्म हमारा संबल हो के भजन को शोभायात्रा में लोगों ने गाकर इस भव सागर से पार होने की भावना भायी।भगवान महावीर के संदेशों ओर उपदेशों व शिक्षाओं का गान करती महिलाओं व बच्चे व बालिकाओं ने एक अलग ही छटा बिखेरी। शोभायात्रा भ्रमण के दौरान श्री जी की आरती जगह जगह की गयी । आरती करते समय श्रृद्धालुओं ने भगवान महावीर की शिक्षाओं ओर प्ररेणाओं को आत्मसात करने का आचरण से मन बनाया। दोपहर में नवयुवकों ने वाहन रैली निकाली। सामाजिक संस्थाओं के साथ नगर वासियों ने शोभा यात्रा का स्वागत किया। दोपहर के समय जैन मंदिरों में विशेष पूजन के साथ विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। राात्रि 7 बजे से महाआरती,शास्त्र वाचन के साथ भजन संध्या,सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ साथ धार्मिक ज्ञान को बढ़ाने व जानने के लिए प्रश्ननोत्तरी का जिज्ञासा पूर्ण कार्यक्रम किया गया इस कार्यक्रम में सभी लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा ने लिया। सभी जैन मंदिरों में आकर्षित साज-सज्जा के साथ मन भावन विद्युत लाईटिंग पर लोगों का बरबस ही ध्यान आकर्षित किया।

# लगुन लेकर जा रही बस हादसे का शिकार , चालक गंभीर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** तेज रफ्तार लगातार हादसों की वजह बन रही है। इसी के चलते रोजाना ही सड़क हादसे में लोग घायल हो रहे है, या फिर अपनी जान गवां रहे है। जिले के श्रीधाम में ऐसा ही हादसा एक बार फिर देखने को मिला। शनिवार की रात तिघरा ग्राम के पास बस और ट्रैक्टर में भिड़ंत हो गई, जिसमें बस में बैठे यात्री घायल हो गए। जिसका इलाज जारी है। पूरे मामले की जानकारी के देते हुए गोटेगांव थाना प्रभारी सहदेवराम साहू ने बताया, कि चरगवां के ही रहने वाले पटेल परिवार बस में सवार होकर ठेमी लगुन लेकर जा रहे थे। तभी धूमा मार्ग पर सामने की तरफ से से आ रहे ट्रैक्टर ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर होने से बस में सवार चार यात्री जिसमें कुछ नवयुवक, बच्चे चोटिल हो गए हैं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए 108 एंबुलेंस एवं निजी वाहन की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य चिकित्सा केंद्र लाया गया है, जहां उनका इलाज किया गया है।

### दो घंटे बस के स्टेयरिंग में फंसा रहा ड्राइवर

ट्रैक्टर द्वारा जोरदार टक्कर लगने पर बस ड्राइवर का पैर स्टेयरिंग में फंस गया, यात्रियों द्वारा उसे निकालने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन निकाला नहीं जा सका, इसी बीच सूचना मिली पर गोटेगांव थाना प्रभारी सहदेवराम साहू घटनास्थल पर पहुंचे, जहां पुलिस कर्मियों की सहायता से उसे कड़ी मशक्कत के बाद ड्राइवर का पैर स्टेयरिंग से निकाला जा सका, जो कि लहूलुहान हालत में था। बस और ट्रैक्टर की भिंडत हो जाने पर मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया, जिसके चलते कई घंटों तक यात्री वाहनों सहित यहां से गुजरने वाले भारी वाहन और दुपहिया वाहन बीच रास्ते में ही फंसे रहे। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी बुलवाकर ट्रैक्टर और बस को मार्ग से किनारे किया, जिसके बाद मार्ग सुचारू हो पाया। वहीं पुलिस ने तत्काल ही घायलों को एंबुलेंस की सहायता से गोटेगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां ड्राइवर की हालत गंभीर होने पर उसे जबलपुर के मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## मौतः सुपर फास्ट ट्रेन की चपेट मे आये किशोर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** शनिवार की रात सुपरफास्ट ट्रेन से जोरदार फटकार लगने से दो नवयुवकों की मौत हो गई, घटना उस समय घटित हुई, जब ट्रेन की पटरी पर दोनों युवक टहल रहे थे, तभी पीछे से आ रही सुपर फास्ट ट्रेन की चपेट में आ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रेलवे पुल छिदौरी हार के निवासी अशोक कुमार पटवा के सुपुत्र सचिन पटवा की शादी समारोह में दोनों मृतक अपने परिवार के साथ सम्मिलित हुए थे। शादी संपन्न होने के बाद वह स्थानीय निवास के समीप ही रेलवे ट्रैक पर रात्रि समय घूम रहे थे। तभी सामने से आ रही सुपर फास्ट ट्रेन की जोरदार टक्कर लगने से एक नवयुवक दीपक पटवा निवासी पेंड्रा छत्तीसगढ़ उम्र 16 वर्षीय की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक आयुष पटवा पिता रामकृष्ण पटवा निवासी ग्राम पिटहरा तहसील नारायणगंज जिला मंडला उम्र 15 वर्ष, टक्कर लगने से लहुलुहान होकर ट्रैक पर पर गिर गया। घटना की जानकारी परिजनों को लगी और घायल युवक को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य चिकित्सा केंद्र गोटेगांव लाया गया, जहां जांच के दौरान स्थिति गंभीर होने के बाद घायल को जबलपुर मेडिकल इलाज के लिए भेजा गया, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई प्राप्त जानकारी के मुताबिक युवक का नाम बताया गया है। घटना के बाद दोनों नवयुवकों का पोस्टमार्टम किया गया। बताया गया, कि दीपक पटवा की मौके पर मौत हो जाने के बाद स्थानीय पुलिस ने मामले की छानबीन कर पंचनामा बनाने के बाद गोटेगांव मैं पोस्टमार्टम किए जाने के पश्चात निजी वाहन से उसे छत्तीसगढ़ के गृह ग्राम पेन्ड्रा भेजा गया। वही गंभीर हुए आयुष पटवा की इलाज के दौरान मौत हो जाने के बाद जबलपुर में पोस्टमार्टम किए जाने के पश्चात स्थानीय पुलिस ने पंचनामा बनाने के बाद शव परिवार जनों को सौंप दिया गया है।

## सामूहिक जवारों की भव्य शोभायात्रा आज



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** नगर में सामूहिक जवारों की भव्य शोभायात्रा आज 22 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से निकाली जावेगी। जो सदर मढ़िया प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए शनिचरा बाजार चौक, सिंहपुर तिराहा, राममंदिर, पुत्री शाला के पास से होते हुए सुनका चौराहा, गुरूद्धारा चौक, पुराना बसस्टेण्ड होते हुए गुजरेगी और सुभाष पार्क के पास पहुंचकर शोभायात्रा का समापन होगा। शोभायात्रा में उज्जैन के सुप्रसिद्ध श्रीभस्मरमैया भक्त मंडल द्वारा झांझ एवं डमरू की संगीतमय प्रस्तुति के अलावा विशाल बानाधारियों एवं विभिन्न झांकियां जनाकर्षण का केन्द्र रहेंगी। सामूहिक जवारों में 21 अप्रैल को कन्याभोज एवं नाक- कान छेदन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ नाक- कान छेदन कार्यक्रम में अधिवक्ता स्व. छतर सिंह पटैल की स्मृति में परिजनों द्वारा कन्याओं को सोने की लोंग से नाक- कान छेदन कराया गया। रात्रि में तिवारी सिस्टर्स द्वारा भक्तिगीतों की प्रस्तुति दी गई।

## महाभिषेक के उपरांत निकाली गई शोभायात्रा

**तेंदूखेड़ा-** संकटमोचक श्री हनुमान जी महाराज के नवनिर्मित मंदिर के शिखर कलश एवं श्री हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत रामनवमी के दिन से विशाल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ के साथ श्री गणेश आदि सभी देवी देवताओं के आवाहन पूजन के साथ मूर्ति के संस्कार प्रारंभ हुये। कलश एवं भगवान की मूर्ति का जलाधिवास अन्नाधिवास पुष्पाधिबास फलाधिवास धुपाधिवाश मिष्ठानाधीवाश घृताधिवास करने के बाद करने के बाद पंचामृत आदि विभिन्न प्रकार के द्रव्यों और औषधीय से युक्त कलशों से भगवान का स्नान कराया गया। सहस्त्रधारा कलश से ब्राह्मणों द्वारा भगवान का महाभिषेक किया गया। तथा रविवार को नगर के मुख्य मार्गो से संकटमोचक का भ्रमण कराया गया। अनुष्ठान कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः काल से मध्य काल तक पीठ पूजन मूर्ति संस्कार एवं स्वयं कल हवन आरती के चलते नगर मे धार्मिक वातावरण बना हुआ है। आचार्य पंडित प्रमोद पचौरी ने बताया कि अधिवास और स्निपन्न के बाद भगवान की शोभायात्रा सैया दिवस मूर्ति के न्यास के साथ भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भगवान का सहस्त्रनाम एवं पूर्णाहुती की जायेगी। राम रसिया भक्त मंडल ने समस्त नगर वासियों एवं धर्म राज्यों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है। इसी दिवस एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया है। संगीतमय सुंदरकांड चालीसा पाठ के उपरांत महा आरती तथा भजन संध्या का आयोजन भी किया जायेगा। आने वाली 23 अप्रैल मंगलवार में श्री हनुमान प्रकटोत्सव संपूर्ण क्षेत्र में धूमधाम से मनाये जाने को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। जगह-जगह हनुमान मंदिरों में विशेष साज सज्जा के साथ धार्मिक आयोजन संपन्न कराये जाने को लेकर आयोजक तैयारी में जुटे हुए हैं।प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी समीपी ग्राम ऊमरपानी में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में सुंदरकांड , हनुमान चालीसा , भजन , शिव रूद्राभिषेक पूजन अर्चन, श्री पंचमुखी हनुमान जी का चोला श्रृंगार , पांच ध्वज, श्री राम कथा एक दिवसीय , कन्याभोजन, प्रसाद वितरण समारोह आयोजित है । संस्थापक - महंत श्री कमल गिरि जी महाराज के पावन सानिध्य मे सभी भक्तजन हनुमान प्रकटोत्सव मे विगत 25 वर्ष से स्थापित पीपल वृक्ष के पास, जहां पुरातन बंजारन देवी का स्थान है , निकट ही सिद्ध दाने बाबा का स्थान है ।

# श्री खाटू श्याम महाआरती व भजन संध्या का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - करेली ।** भगवन श्री कृष्ण को अपना शीश देने वाले, कलयुग में 'हारे के सहारे' नाम से विख्यात भगवन श्री खाटूश्याम की प्रत्येक एकादशी पर होने वाली महाआरती के तहत गत शनिवार चैत्र शुक्ल कामदा एकादशी पर नगर के श्याम भक्त अभय - अंकुर अग्रवाल के श्रीधाम कॉलोनी आवास पर श्री खाटूश्याम भगवान का पावन दरबार सजाया गया। श्री श्याम सेवा समिति करेली द्वारा आयोजित कार्यक्रम व भजन संध्या मे भक्त ऐसे खोये कि सिर्फ खाटू का ही नाम सबकी जुँबा पर रहा। सर्वप्रथम श्री खाटू नरेश के मनमोहक दरबार को विविध फूलों से सजाकर विधिपूर्वक पूजन अर्चन हुआ। इत्र, जल से लखदातार भगवान का स्नान हुआ। तदुपरांत बाबा की ज्योत प्रज्वलित व महाआरती की गई। आयोजन समिति द्वारा नगर की श्याम लाड़ली बिटिया यशी चौरसिया, गायक सरदार गगनदीप सिंह हर्ष, गायक कौशल नेमा का श्याम बैच व दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। तदुपरांत गायिका यशी चौरसिया ने खाटूश्यामजी को समर्पित भजन की प्रस्तुति दी। मंच संचालन पत्रकार अमित जैन ने किया। गायक सरदार गगनदीप सिंह , कौशल नेमा ने भजन प्रस्तुत किया। मध्यकाल में बाबा श्याम को भोग समर्पित किया गया। इस मौके पर श्याम सेवा समिति द्वारा नगर के कॉलोनाईजर सचिन नेमा - भगवन श्री खाटूश्याम जी मंदिर नवीन कॉलोनी मे भव्यातिभव्य बना बनाया मंदिर देने हेतु, संजय ब्रजपुरिया, सुधीर जैन, रामकृष्ण ब्रजपुरिया को श्री श्याम विशिष्ट सेवा सम्मान हेतु, डॉ. पंकज नेमा को श्री श्याम बाबा के लिए मंदिर बताने हेतु, अमित जैन संजय को कुशल मंच संचालन हेतु सहित श्याम भक्त हरेंद्र मेहरा, आग्रह पुरोहित, अंकुर अग्रवाल व श्याम भक्तों का दुपट्टा व बैच लगाकर सम्मान किया गया। देररात्रि तक चले आयोजन में श्री श्याम सेवा समिति के वरिष्ठ पार्षद संजय जैन नेपाली, रोशनी ठाकुर सहित नगरवासियों भक्तो की उपस्थिति रही।

## हनुमान जन्मोत्सव पर होंगें विविध कार्यक्रम ,भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** बल,बुद्धि और मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाले राम भक्त श्री हनुमान जन्मोत्सव नगर में 23 अप्रेल को पूर्व की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनायी जायेगी। नगर के धार्मिक स्थलों व श्री हनुमान मंदिरों में जन्मोत्सव को मनाये जाने के लिए विशेष तैयारियां की गयी हैं। जन्मोत्सव दिवस पर विविध पूर्जन अर्जन के साथ रामायण पाठ, सुदर काण्ड पाठ, हनुमान चालीस,हवन- पूर्जन,अभिषेक, उपवास, महाआरती, चोला वंदन,भंडारा, प्रसाद वितरण अन्य धार्मिक कार्यक्रम किये जायें। इस अवसर पर शोभा यात्रा भी निकाली जावेगी जो नगर के मुख्य मागों में भ्रमण करेगी। मुख्य रूप से गुदरी स्थित हनुमान मंदिर,कृष्ण व राममंदिर,बाबा घाट कृष्णा वार्ड में पंचमुखी हनुमान मंदिर, स्टेशन चौकी स्थित हनुमान मंदिर, गया दत्त वार्ड में राम मंदिर स्थित हनुमान मंदिर,रौंसरा हनुमान मंदिर,सिद्ध के झिरना हनुमान मंदिर,बरगी रेल्वे फाटक हनुमान मंदिर,चरहाई हनुमान मंदिर, इंद्रा वार्ड में हनुमान मंदिर, नगरपालिका चौरहा हनुमान मंदिर, सिविल कोर्ट, तहसील परिसर, सिंचाई कालोनी, थाना प्रागंण स्थित, पीएचई कार्यालय ,वन विभाग, अनगढ़ मंदिर, बड़ेपूल के पास, नरसिंह वार्ड स्थित मनोकामनेश्वर मंदिर, न्रसिंह मंदिर, झिरना स्थित, सदर मढिया,जरजोला रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर जी में आयोजन होगें। श्री हनुमान जयंती के अवसर पर होने वाले धाार्मक कार्यक्रमों में उपस्थित होकर धर्म-लाभ अर्जित करने की अपील मंदिर समितियों ने की है।

## हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में मनाई गई महावीर जयंती

**तेंदूखेड़ा-** सकल दिगंबर जैन समाज तेंदूखेड़ा के द्वारा अहिंसा के अवतार भगवान महावीर स्वामी का 2623 वां जन्म कल्याण जन्म जयंती चैत्र शुक्ल त्रयोदशी 21 अप्रैल को धर्म प्रभावना एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।प्रातः वेला में श्री चंद्र प्रभु नवीन दिगंबर जैन मंदिर में पंडित कमल कुमार शास्त्री के निर्देशन में भगवान महावीर स्वामी का महामस्तकाभिषेक एवं शांति धारा संपन्न हुई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया इस मौके पर केसरिया पचरंगा ध्वज बंदन की गई। प्रातः 9 बजे से भगवान महावीर स्वामी की जिन प्रतिमा को सुंदर विमान में विराजमान करके श्री जी की शोभायात्रा धूमधाम के साथ संपूर्ण नगर में निकाली गई ।शोभा यात्रा के बाद चिन्मय सागर सभागार में भगवान महावीर स्वामी का महा अभिषेक एवं शांति धारा संपन्न की गई। एवं प्रसाद वितरण किया गया । विद्वान पंडित कमल कुमार शास्त्री ने काफी विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान महावीर स्वामी का जन्म 599 ईसा पूर्व में बिहार प्रांत के वैशाली के कुंड ग्राम में राजा सिद्धार्थ एवं माता त्रिशला के घर हुआ था। उनका जन्म का नाम वर्धमान रखा गया। ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए अपने 30 वर्ष की अवस्था में राजपाठ घर परिवार का त्याग करके दिगंबर मुनि दीक्षा धारण कर ली और 12 वर्षों तक कठोर तपस्या की 42 वर्ष की उम्र में आपको केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई । अरहंत अवस्था को प्राप्त हुए एवं महावीर नाम को प्राप्त हुये। संपूर्ण भारतवर्ष में बिहार करते हुए अपने प्राणी मात्र को आत्म कल्याण का उपदेश दिया भगवान महावीर स्वामी का प्रमुख संदेश जियो और जीने दो अहिंसा सत्य अस्तेय ब्रह्मचर्य अपरिग्रह इन पांच महाव्रतों के साथ भगवान महावीर स्वामी ने अनेकांत स्याद्वाद एवं प्राणी स्वातंत्र्य का उद्‌घोष किया ।भगवान महावीर स्वामी के सत्य अहिंसा अपरिग्रह अनेकांत जैसे सिद्धांत सार्वभौमिक और सार्वकालिक है।आज भी यह उतने ही प्रासंगिक हैं जितने की पहले थे।यदि समग्र विश्व आज इनका अनुसरण करें तो संसार से पारस्परिक वैमनस्य अशांति राष्टों के बीच अनावश्यक तनाव एवं युद्ध जैसे राष्ट्रीय एवं नअंतर्राष्ट्रीय समस्याओं का समाधान हो सकता है ।समग्र विश्व वसुधैव कुटुंबकम के आदर्श को प्राप्त कर सकता है ।भगवान महावीर ने कहा है कि प्रत्येक प्राणी स्वकृत कर्म अनुसार सुख-दुख संपत्ति विपत्ति आदि प्राप्त करता है।प्रत्येक प्राणी स्वतंत्र है, प्रत्येक प्राणी धर्म पथ पर चलकर तपस्या के द्वारा परमात्मा पद को प्राप्त कर सकता है ।इस प्रकार अनेकों जीवों का कल्याण करते हुए भगवान महावीर ने 72 वर्ष की उम्र में बिहार प्रांत के पावापुरी नामक स्थान पर कार्तिक कृष्ण अमावस्या को निर्वाण प्राप्त किया एवं इस संसार के आवागमन से मुक्त हो गये।भगवान महावीर का बताया हुआ मार्ग युगों युगों तक जयवंत रहेगा ।